प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

27.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 9:20 बजे

विधानसभा सत्र

प्रदेश विधानसभा का मॉनसून सत्र आज से शिमला में शुरू हो रहा है। सत्र की पहली बैठक सुबह 11 बजे शुरू होगी और सबसे पहले तीन पूर्व सदस्यों टेकचंद, नारायण सिंह स्वामी और दौलत राम चौधरी के निधन पर शोकोद्गार प्रस्तुत किये जायेंगे। इसके अलावा सत्र में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू साप्ताहिक शासकीय कार्यसूची से अवगत करवाएंगे। इस दौरान स्वीकृत विधेयक सभा पटल पर रखे जाएंगे और नियम–62 के अंतर्गत ध्यानाकर्षण प्रस्ताव और नियम 130 के प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त अन्य विधायी कार्य भी निपटाए जाएंगे। विधानसभा सत्र के लिए अभी तक कुल 9 सौ 36 प्रश्न प्राप्त हुये हैं जिनमें से 6 सौ 40 तारांकित और 2 सौ 96 अतारांकित प्रश्न शामिल हैं। 9 सितंबर तक चलने वाले इस सत्र में कुल 10 बैठकें होगी। सत्र के दौरान दो दिन गैर सरकारी दिवस होगा। इस सत्र को लेकर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

सर्वदलीय बैठक

सत्र से पहले विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कल शिमला में सर्वदलीय बैठक बुलाई। विधानसभा अध्यक्ष ने सत्र के सफल संचालन में सभी सदस्यों से सहयोग की अपील की।

विधायक दल बैठक

सत्र को लेकर सरकार की रणनीति तैयार करने के लिये कांग्रेस विधायक दल की बैठक आज मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शिमला में अब से कुछ देर बाद आयोजित की जाएगी।

दूसरी ओर मानसून सत्र के लिए विपक्ष ने सरकार को घेरने की रणनीति तैयार कर ली है। भाजपा विधायक दल की बैठक शिमला में विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में देर शाम हुई। जहां नेता प्रतिपक्ष ने सदन के अंदर सरकार को प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों को लेकर घेरने की बात कही तो वहीं विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर करते संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान के बयान पर भी पलटवार किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था और आपदा को लेकर सदन के अंदर चर्चा की जाएगी।

नारी न्याय आंदोलन

शिमला में महिला कांग्रेस आज विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन नारी न्याय आंदोलन करने जा रही है। कांग्रेस मुख्यालय से विधानसभा तक महिला कांग्रेस ये आंदोलन करेगी और मुख्यमंत्री सुखविंद्रर सिंह सुक्खू से मिलकर प्रदेश में महिला आयोग के गठन के साथ विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण के कानून को लागू करवाने के लिए प्रस्ताव पास कर केंद्र को भेजने की मांग करेंगी।

महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक के बाद पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए ये जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी पूरे देश में ये आंदोलन कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के साथ हो रहे अपराध को लेकर महिलाएं अपनी आवाज बुलंद कर सके और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो इसके लिए सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में महिला पुलिस चौकी खोलने की मांग भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि बसों में 50 प्रतिशत सब्सिडी को बढ़ाकर 60 से 70 प्रतिशत करने का प्रयास किया जाएगा।

भेंट

हिमाचल प्रदेश पुलिस सेवा के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शिमला में कल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। उन्होंने एच.आर.टी.सी. की बसों में रियायती यात्रा सुविधा बहाल करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि उनकी सभी जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा और वर्तमान प्रदेश सरकार पुलिस कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में बीती शाम से मानसून की वर्षा का क्रम रूक–रूककर जारी है। मॉनसून की सक्रियता से तापमान मे कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आज और कल अधिकांश स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना जताई है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से––––

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने आज से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। **अमर उजाला** के शब्द हैं **विस का मानसून सत्र आज से, हंगामे के आसार। पंजाब केसरी** लिखता है **प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र आज से, कुल 10 बैठकें होंगी। दिव्य हिमाचल** ने लिखा है **मजबूत सरकार का दिखेगा पलटवार। दैनिक जागरण** का कहना है **सर्वदलीय बैठक में नहीं पहुंचे भाजपा विधायक।** जबकि **आपका फैसला** के शब्द हैं **सर्वदलीय बैठक में शामिल नहीं हुआ विपक्ष, मानसून का सत्र आज से। दैनिक सवेरा टाइम्स** का कहना है **बाढ़, पानी, सड़क, बिजली व आपदा राहत जैसे मुददों से तपेगा सदन।**

हिमाचल दस्तक के अनुसार **मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना के लिए 53 करोड़ 21 लाख सालाना देगी सरकार।** इसी पत्र की एक अन्य खबर है **कंगना के विवादित बयान से बीजेपी का किनारा, भविष्य में ऐसा बयान न देने की नसीहत।** जबकि **दैनिक भास्कर** के शब्द हैं **सांसद कंगना के किसानों पर बयान से गर्माई सियासत।**

कृष्ण जन्माष्टमी पर मणिमहेश डलझील में एक लाख श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डूबकी पंजाब केसरी की एक खबर है। जबकि **अमर उजाला** के मुताबिक **छोटे शाही स्नान के साथ पवित्र मणिमहेश यात्रा शुरू।**